जब पूरे देश में न्यायालयीन भ्रष्टाचार की चारों तरफ लोकसभा और राज्यसभा में गूंजमची हो, मीडिया न्यायालयीन भ्रष्टाचार से भरे पड़े हुए हो, दूसरी तरफ ये भ्रष्ट न्यायाधीश जनता के धन से वेतन डकार कर भी न्याय को बेच रहे हों, दूसरी तरफ कानून के पालन के लिए जिम्मेदार स्वयं ही कानून की धज्जियां उधेड़ने पर तुले हों, स्वयं भ्रष्टाचारी होने के बाद भी सरकार और प्रशासन को ईमानदारी का पाठ पढ़ायें और जब सूचना के अधिकार में जानकारी देने की बात उठे तो अपने आपको सूचना अधिकार, कानून से बाहर बताते हैं, आखिर सूचना अधिकार इन पर लागू क्यों नहीं होगा और अगर ये लागू नहीं करना चाहते हैं तो यह स्पष्ट है कि ये न केवल घोर भ्रष्टाचारी वरन कानून को बपौती समझकर उसकी धज्जियां उधेड़कर न्याय के दुकानदार हैं जो जितना बड़ा दांव खेलेगा उसे उतना न्याय कि उसके हिसाब से मिलेगा।

पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन ने कहा ही था कि 25/1/2001 में कि न्यायालय के न्याय के मंदिर नहीं वरन जुओं के अड्डे हैं जहां जो जितना बड़ा दांव खेलता है उसे उतना न्याय मिलता है। इतनी तीक्ष्ण टिप्पणी राष्ट्रपति द्वारा किए जाने के बाद भी न्याय व्यवस्था सुधरने की तो दूर स्वयं ही चयनकर्ता बनकर व्यवहार न्यायाधीशों की भर्ती की चयन प्रक्रिया पर कब्जा कर और भ्रष्टाचार को स्थायित्व प्रदान करना चाहती है। उसे अगर म.प्र. लोकसेवा आयोग में कोई कमी नजरआती है, उसकी चयन प्रक्रिया में परीक्षा लेने मूल्यांकन करने, साक्षात्कार लेने में तो उस पर सुधार बदलाव के लिए सरकार को लिए सामान्य प्रशासन मंत्रालय को कहे, बेशक भ्रष्टाचार म.प्र. लोकसेवा आयोग में भी होता है। सदस्य साक्षात्कारकर्ता लोकसेवा आयोग का संगठन उसके अधिकारी भी भ्रष्टाचार करते हैं, परंतु लिखित परीक्षा के बाद इसके विपरीत उच्च न्यायालय के हाथ में चले जाने पर तो वह पूरी ही बर्बाद हो जाएगा, जहां पर फार्म भराने से भ्रष्टाचार शुरू होगा तो चयन की और नियुक्ति और पदस्थनापा तक जाएगा। अभी यदि कोई भ्रष्टाचार लोकसेवा आयोग में होता है तो पीड़ित उच्च न्यायालय में जाकर न्याय की मांग कर सकता है, यदि उच्च न्यायालय में भी वही सबकुछ हुआ तो क्या पीड़ित सर्वोच्च न्यायालय में जाने की क्षमता रखता है। फिर कितने आवेदक सर्वोच्च न्यायालय में जा सकते हैं।

आखिर उच्च न्यायालय को व्यवहार न्यायाधीश चयन परीक्षा को अपने हाथ में लेने की जरूरत क्यों आन पड़ी। सीधा सा प्रश्न है ताकि अपनी औलादों को सीधा न्यायालयों में न्यायाधीश बनाकर बैठाया जा सके, बिना किसी शोरगुल, बिना काबलियत के या न्यायालीन कारोबार भी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित किया जाता रहे और जनता को न्यायालयीन प्रक्रिया में फैले भ्रष्टाचार और षड्यंत्रों की भनक तक न पड़े, पीढ़ी दर पीढ़ी न्याय पर भ्रष्टों का कब्जा कर करार रहे। यह दीर्घकालीन षड्यंत्र न्याय क्षेत्र में प्रतिभाओं को आने से न केवल रोकेगा, युवा कानूनविदों की मानसिकता को कुंठित करेगा, जिसे तत्काल रोका ही जाना चाहिए।

वकीलों के समूह से चर्चा पर आधारित

म.प्र. के जिला कोषालयों में चल रहा लूट का तांडव

छठे वेतन मान के निर्धारण में चल रही वसूली

कोषालयों में अधिकारियों से रुपए 2000/- कर्मचारियों से रुपए 500 से 1000 की दर से वसूली हुई

म.प्र. सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को छठा वेतनमान स्वीकृत किया। उसके वेतन मान निर्धारण के लिए न तो कोई पुस्तिका जारी की गई न ही ठोस परिपत्र जारी किया जा सके हैं। इस परेशानी को दूर करने या सभी विभागों के कर्मचारियों के वेतन निर्धारण, वेतन बनाने वाले बाबू, बड़े बाबू ही अपने तरीके से गणना करके बिलों को जिला कोषालयों में लगा रहे हैं।

प्रदेश के पूरे 48 जिलों के सभी कोषालयों में बैठे जिला कोषालय अधिकारियों से चलकर वहां बैठे हरामखोर भ्रष्ट हर बाबू और कम्प्यूटर आपरेटरों से लेकर चपरासियों तक को हर सरकारी विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों से हर बिल में वसूली चाहिए होती है। यदि इन हरामखोर जिला कोषालयों में जिला कोषालय अधिकारी से लेकर सहायक जिला कोषालय बड़ा बाबू, छोटा बाबू, कम्प्यूटर आपरेटर को रिश्वत नहीं मिलती तो ये श्वनों की फौज पूरे-पूरे विभाग के वेतन तक के बिल अटका देते हैं। मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता बिल, अग्रिम सबमें खुले में म.प्र. के साथ ही पूरे देश, पूरे जिला कोषालयों में लूट का ये तांडव हर शासकीय कोषालयों में चलता है। पेंशन, भविष्यनिधि भुगतान में तो ये हरामखोर सेवानिवृत्ति प्राप्त कर्मचारियों, अधिकारियों के 5 से 10% वसूल करने के बाद भी दौड़ा-दौड़ कर प्राण लेने से भी नहीं चूकते। अभी जबकि छठा वेतनमान स्वीकृत हुआ है शासन भुगतान करने जा रहा है ये चपरासियों के रुपए 300 से 500, बाबुओं से बड़ा बाबुओं तक रुपए 1000 से 15000 और अधिकारियों से रुपए 2000 प्रति अधिकारी नए वेतनमान के भुगतान में वसूल रहे हैं। ये कहानी और कोषालय की गिद्ध नोंच की केवल इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, रतलाम, शाजापुर ही नहीं वरन भोपाल, ग्वालियर आदि प्रदेश के 48 जिलों की है।

अकेले छठे वेतनमान निर्धारण और वेतन के बढ़े भुगतान में लिपिकिय वर्ग जो पूरे प्रदेश में राज्य शासन के कर्मचारियों के रूप में कार्यरत है रुपए लगभग तीन लाख सत्तर हजार है अर्थात रुपए 1000 भी माने तो रुपए 3.70 करोड़, अधिकारियों के वेतन निर्धारण में 2000 के हिसाब से लगभग 50000 अधिकारियों रुपए 10 करोड़ और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों जो पूरे प्रदेश में 70,000 है रुपए 500 रुपए 3.50 करोड़ अर्थात रुपए 50 करोड़ की रिश्वत ये हरामखोर कोषालय के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक डकार लेंगे। प्रत्येक जिले में लगभग रुपए 1 करोड़ 10 लाख तक हर कोषालय छठे वेतनमान में राज्य सरकार के कर्मचारियों और अधिकारियों से डकार लेगा।

अस्तु जियो और जीने दो, खाओ और खाने दो रिश्वत डकारी है तो रिश्वत हमें भी दो, यदि सरकारी कर्मचारी रिश्वत खाते हैं तो उन्हें भी वेतन भुगतान प्राप्त करने से लेकर यात्रा भत्ता, मेडिकल बिलों, सरकारी क्वाटर आवंटन व अन्य सभी कार्यों में जैसे स्थानांतरण फंसने पर जांच रुकवाने, ठंडी करवाने, पदस्थापना, पदोन्नति, पदस्थापना में अपने बड़े अफसरों से लेकर मंत्री-संत्री तक भी धन बांटना पड़ता है जो धन नहीं दे पाता, उन्हें हर तरीके से प्रताड़ित किया जाता है। यह काम बाबू, चपरासी से लेकर जिलाधीश और सचिव स्तर तक के अधिकारी कर्मचारी सभी को करना पड़ता है। पद पर बैठने के बाद रायल्टी का भुगतान लोकायुक्त, ई.ओ. डब्लू को फंसने पर महीना तक बांटना पड़ता है।

जैनियों के भगवान महावीर ने इसीलिए हजारों वर्ष पहले जो सिद्धांत प्रतिपादित किया था जियो और जीने दो, को अब वह खाओ और खाने दो, में बदल कर पूरी दुनिया में फैल गया है। बस अंदाज भर बदल गया है। प्रदेश के और देश के सभी जिला कोषालयों की भ्रष्टाचार की कमाई का या छोटा सा नमूना है।

भ्रष्ट ए.सी. शुक्ला झाबुआ, मेहता पुनः धार में

आदिम जाति में भ्रष्टों की अदला-बदली

तू मेरी मत कहना और ढंकना, मैं तेरी नहीं कहूंगा और ढकूंगा

धार। आदिम जाति कल्याण में बैठा सहायक आयुक्त महाभ्रष्ट डकैत शुक्ला का स्थानांतरण झाबुआ हो गया है, वहां से पुराना डकैत सहायक आयुक्त बीजी मेहता ने पुनः धार में पदभार ग्रहण कर लिया है।

आदिम जाति कल्याण में केंद्र और राज्य सरकार का शिक्षा, छात्रावासों, छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति, जनजाति के विकास का हर वर्ष नियोजित, अनियोजित मदों में कुल मिलाकर दो से लेकर तीन अरब रुपए तक हर वर्ष आते हैं, जिसकी बंदर बांट ये हरामखोर कैसे करते हैं पूर्व में भी समयमाया वर्षों से प्रकाशित करता रहा है।

ये दोनों ही श्वान महाभ्रष्ट, लुटेरे सफेदपोश डकैत हैं। परंतु न केवल जिलाधीशों, मुख्यकार्यपालन अधिकारियों से लेकर क्षेत्रीय विधायकों, सांसदों, तक को डकैती से टुकड़े डालकर बचाकर चलते हैं। अपने आपको इनकी लूट डकैती की शिकायतें अगर पंच सरपंच या अन्य प्रति निधि करते भी हैं तो इनके पाले टुकड़खोर सांसद, केंद्रीयमंत्री कांतिलाल भूरिया से लेकर विधायक जमुनादेवी विपक्षी नेता तक इनकी पैरवी करते हैं। यही कारण है कि पिछले 8-9 वर्षों से सहायक सांख्यिकीय अधिकारी बीजी मेहता सहायक आयुक्त बनकर पहले 5-6 वर्ष धार में रहकर लूटपाट करता रहा इसके बाद भारी शिकायतों पर झाबुआ भेजा गया, वहां पर भी 3-4 वर्ष पूरे कर आया, पुनः धार में पदस्थ कर दिया गया।

जब धार में एसी बीजी मेहता था तब भ्रष्ट संतोष शुक्ला एकीकृत परियोजना अधिकारी हुआ करता था जोड़तोड़ कर और पैसा खर्च कर संतोष शुक्ला खरगोन में सहायक आयुक्त बन कर काफी घोटाले और भ्रष्टाचार में शिकायत पर निलंबित कर दिया गया था वहां से पुननियुक्ति पाकर धार में आकर जम गया था, यहां पर भी इसने खुलकर भ्रष्टाचार किया। छात्रावासों के निर्माण से लेकर छात्रावासों के लिए की जाने वाली करोड़ों रुपए की खेल सामग्री से लेकर भोजन, बिस्तर पलंग, विद्यार्थियों के लिए तेल, साबुन तक में आधी खरीदी आधे झूठे व्हाउचर लगाकर पैसा डकारा गया, जाते-जाते लगभग 400 शिक्षकों की संविदा वर्ग 1,2 व 3 की भर्ती में भी करोड़ों रुपए जिसमें रुपए 25 से 50 हजार तक खुलकर लेनदेन हुआ। स्थानांतरण पर झाबुआ पदस्थ हो गया एसी मेहता की। पिछले 4 माह से भोपाल से धार, झाबुआ तक चर्चा थी कि दोनों अदला-बदली कर स्थानांतरण की औपचारिकताएं पूरी करेंगे, बिल्कुल वैसा ही हुआ।

धार में मु.का.अ.पू.रा. धूलधोये की नियुक्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के रूप में कर दी गई है। वहां के अति मुख्य का. पालन अधिकारी गुप्ता जो स्वयं जिला संसाधन विभाग झाबुआ से प्रतिनियुक्ति पर आकर 5-7 वर्षों से जमा बैठा है और दोनों हाथ से धन उलीच रहा है ने 30/07/09 को हुई जिला पंचायत की सभा में यह मिनट पास किया कि किसी भी हाल में मु.का.अ. के. रूप में आने वाले इंदौर के महाभ्रष्ट पृ.रा. धूलधोये को यहां पदस्थ करने से रोका जाए। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह रा.प्र. से के अधिकारी को म.प्र. शासन ने वहां नियुक्ति दी है? क्या अ.मु.का.अ. गुप्ता जो स्वयं म.प्र. ज.सं.वि. से प्रतिनियुक्ति पर 5-7वर्षों से जमा बैठा है, अपने से वरिष्ठ को वहां पदस्थ होने से रोक सकने की औकात रखता है, क्या जिला पंचायत की सभा में ऐसा मिनट स्वीकार किया जा सकता है, वर्तमान में पदस्थ मु.का.अ.रा. श्रीवास्तव जो सचिव जि.पं. धार भी है ऐसा मिनिट स्वीकार करने में सक्षम है जिसे शासन ने पदस्थ किया और करने व हटाने का अधिकार रखता है। बेशक धार आदिवासी जिले के हर विभाग और खासतौर पर जिला पंचायत आदिमजाति कल्याण ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, पंचायत एवं समाज कल्याण डी.आर.डी.ए. एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना जिला महिला बाल विकास आदि सभी में बैठे धूर्त बाबुओं से लेकर जिला अधिकारी तक करोड़ों रुपए के चारों तरफ भारी घोटालों और भ्रष्टाचार में आंकठ लिप्त है और वर्षों से जमे बैठे हैं। कोई नहीं चाहता कि किसी की भी सच्चाई सामने आए, वरना अधिकांश कर्मचारी और अधिकारी सूक्ष्मता से जांच होने पर जिंदगीभर के लिए कारावास के सुपात्र हैं। जांचे आती है दबा दी जाती है। लेनदेन कर सब चुप हो जाते हैं।

निजी क्षेत्र में...

शेष पेज 5 से जारी

मुख्यमंत्री शिवराज, ऊर्जामंत्री अनूप, मुख्य सचिव राकेश साहनी और जुड़े हुए सभी सत्ताधीश सफेदपोश डकैतों का उद्देश्य है कि इस प्रकार से परेशान करके हर 6 माह में कीमतों में वृद्धि करके घरेलू उपभोक्ता को भी रुपए 10 प्रति यूनिट की बिजली आपूर्ति की जाए, ताकि प्रति यूनिट ये धूर्त, निकम्मे रुपए 1 से 2 तक कमीशन डकार सकें। इसलिए म.प्र. वि.मं. की म.प्र. पावर जनरेशन कं. की क्षमता का दिनों दिन समाप्त करने का षड्यंत्रा रचा जा रहा है।

सीधी में रिलायंस अपना ताप विद्युत केंद्र तैयार कर रहा है। जिंदल भी मैदान में है। मालवा पूरनी खंडवा का उद्घाटन हो चुका है। ऐसे कई प्रोजेक्ट जो निजी क्षेत्र में लगाए जाने की तैयारी में इंजीनियरों के नाम पर आईटीआई ट्रेंड और पाली टेक्नीकल के सुपर वाइजर, इंजीनियरों के रूप में दिखाकर उन्हें 30 से 50000/- वेतन देना दिखाया जा रहा है। ताकि आयकर कस्टम एंड एक्साइज को करोड़ों का चूना लगाने से लेकर सार्वजनिक निर्गम की कंपनियों में कंपनियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ दिखाकर चवन्नी का माल चार रुपए में दिलाकर भारी कीमतों में शेयर्स पर प्रीमियम वसूली की जा सके। बाद में सत्यम जैसी हो जाए कं. की हालत इस पर न तो ऊर्जामंत्री की नजर हौ न कलेक्टर की।

अभी भी वक्त है कि इन 5 वितरण कं. और जनरेशन कं. को पुनः विद्युत मंडल में समाहित कर पुनः मंडल को अस्तित्व में लाया जाए, पुनः 1990 के सेटअप की तरह चलाया जाए सारे काम जो मंडल कर रहा था ठेव से वापिस लिए जाकर स्थाई कर्मचारियों और इँजीनियरों, अधिकारियों से ही करवाए जाएं। ताकि प्रदेश के औद्योगिक और जनता के जीवन की स्थाई विकास का पथ प्रशस्त हो, तब ज्यादा तरीके से डकार पाएंगे मुख्यमंत्री, ऊर्जामंत्री और सभी अधिकारी, पूंजीवादी तरीके से जनता, कर्मचारियों, अधिकारियों का तो शोषण होगा ही निजी क्षेत्र के पूंजीपति न केवल भारी फायदा कमाएंगे वरन फिर मुख्यमंत्री, ऊर्जामंत्री, मुख्य सचिव, प्रधानसचिव और सचिवों के साथ इंजीनियरों को भी इन पूंजीपतियों के सामने न केर मिमियाना पड़ेगा, वरन शक्तिहीन बन दीनहीन ही होंगे।

प्र.अ. शैलेंद्र शुक्ला, स. सुलेमान राक्षस, नोंच, मिटाने पर तुले लो.नि.च.

मुख्य अभियंता कार्यालयों को बंद करने की तैयारी

सुलेमान को क्यों नहीं हटा पा रहा शिव

भोपाल।

म.प्र. लोक निर्माण विभाग के सचिव पद पर बैठा श्वान सुलेमान प्रधान सचिव पीडी मीना के कहने और भ्रष्टाचार से धन बटौरने के लिए विद्युत यांत्रिकीय अभियंता के प्रमुख अभियंता शैलेंद्र शुक्ला को मात्र नोंचने और वसूली करने के लिए ही बनाया, जबकि उस पद पर वहां सिविल इंजीनियरों के वरिष्ठ सेलेट का बैठाया जाना चाहिए था, पर इन हरामखोरों ने उस महामक्कार जालसाज जो कि पूर्व में ही नर्मदा विकास प्राधिकरण में विद्युत यांत्रिकीय अभियंता होने के बाद भी मात्र धन के लिए वहां पुर्नवास की लगभग धरमपुरी, ठीकरी व अन्य स्थानों की लगभग40 से ज्यादा पुर्न बसाहट साइटों पर लगभग रुपए 400 करोड़ स ज्यादा के काम में इस धूर्त ने पैसा खर्च किया और महातिकड़मी ने वहां छलांग लगाकर दोनों हाथों से लगभग 1 अरब रुपए पर हाथ साफ किया। कच्ची काली मिट्टी की सड़कों से भराई, डब्ल्यू बी एम के नाम पर केवल काली मिट्टी और बोहरों पर कोपरा डालकर ठेकेदारों को पूरा भुगतान, बसाहट स्थलों पर दिसम्बर में कुओं के गड्ढे किए, पानी नहीं निकला तो टैंकरों से भरवा दिया नालियों के नाम पर काली मिट्टी में खुदाई करके छोड़ दिया जो 4000 से ज्यादा बनाए गए भवनों में 5 माह बाद ही दरारें पड़ने लगी। अधिकांश भवनों की नींव में भराई की तो दूर दो फुट काली मिट्टी ढंग से नहीं खोदी गई। इस हरामखोर ने दोनों हाथ से पैसा बटोरा, इन सब घोटालों और भ्रष्टाचार का हल्ला मचे इसके पहले ही बंदा लौटकर पुनः लोकनिर्माण विभाग में आ गया और राष्ट्रीय राजमार्ग में मुख्य अभियंता बन गया। जबकि ये हरामखोर ढंग से किसी सड़क का प्राक्कलन बनाना तो दूर मूल्यांकन भी नहीं जानता था, तो राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता का मूल्यांकन बहुत दूर की कोढ़ी था। यही कारण है कि राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा-बम्बई मार्ग जावरा से मक्सी बनने के बाद एक बरसात में ही उसमें गड्ढे पड़ गए। और देवास-मक्सी मार्ग पिछले अक्टूबर से अभी तक बन ही रहा है, अब जब ये प्रमुख अभियंता बन गया है खुले में 5% की मांग और भुगतान पर पूरे प्रदेश के को उनके सभी संभागों के अभियंता आबंटन जारी करता है जो भुगतान के 5% नगद देने में न नुकुर करता है उसको ये श्वान प्र.अ.आबंटन ही जारी नहीं करता, स्वाभाविक है 1% सुलेमान सचिव, 1% प्र.सी. पीडी मीना, 1% मंत्री, नारेंद्रसिंग को हिस्सा जाता है। मु.ए. सेलर को इसीलिए कानूनी प्रक्रिया के तहत नियमानुसार प्रमुख अभियंता नहीं बनाया गया, चारों तरफ मुखैरों का साम्राज्य है। पूरे लोक निर्माण विभाग में सचिव सुलेमान अपनी लूट को सीधे ही कार्य पालन अभियंता से वसूली के लिए ये हरामखोर पूरे प्रदेश के मुख्य अभियंता कार्यालय बंद करने की तैयारी में है। इस कड़ी में पहले उज्जैन और रीवा के मुख्य अभियंता कार्यालय बंद किए जाएंगे। धीरे-धीरे एक-दो करके पूरे कार्यालय बंद क दिए जाएंगे, ताकि उनका सीधा नियंत्रण कार्यपालन अभियंता से होकर इन सारे हरमखोरों को सीधी वसूली मिलती रहे।

सचिव सुलेमान को आखिर मुख्यमंत्री चौहान ने पिछले 5वर्षों से सड़क विकास निगम का प्रबंध संचालक बनाए रखा है, क्योंकि उसकी लूटपाट और डकैती में शिवराज की नोट गिनने वाली मशीनों को भी काम मिलता रहता है। जबकि पूरे प्रदेश के सारे बीओटी ठेकेदार अपने प्राक्कलनों का 25% भी खर्च किए बिना कच्ची-पक्की काली मिट्टी की भराई की हुई सड़कें बनाकर वसूली और डकैती शुरू कर देते हैं। जैसा कि वर्तमान में प्रदेश की 10 से ज्यादा सड़कों पर हो रहा है। इंदौर, उज्जैन 48 किमी सड़क को ही देखें तो प्रति कि.मी. दोनों तरफ जहां सड़कही नहीं बननी है तो भी 8-10 हजार पेड़ों का सफाया कर जोधपुर की ये कंपनी वाराह कंस्ट्रक्शन पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर बेच कर खा गई जब समयमाया ने छापा तो उस शूकर सुलेमान ने दुगुने पेड़ लगाने का वादा कर पल्ला झाड़ लिया। दूसरा जब पूरी सड़क ही नई बनना सिद्ध करना है तो न तो ढंग से खुदाई की गई न बोल्डर्स की भराई हुई। ढंग से ऊपर से कोपरा और मुरम की जगह काली मिट्टी भराई कर समतल कर दिया गया। दूसरा जब इंदौर से 38 किमी सड़क इंदौर संभाग की थी तो उस धूर्त आर.के. माध्य को मात्रा इसीलिए इस शूकर सचिव सुलेमान ने सौंपी ताकि उल्टा-सीधा काम करवा कर मात्र ये गिद्ध धन नोंच कर उसको अच्छी सड़क का प्रमाण पत्र जारी करते रहें।

ये हरामखोर मुख्यमंत्री शिवराज शक्ल से बड़ा भोला बनता है, जबकि आने वाले 25-30 वर्षों तक जनता को हर सड़क पर गाड़ी चलाने पर पैसा वसूल करने के लिए प्रदेश की अधिकतर सड़कों पर बीओटी के हवाले कर रहे हैं। इस गिद्ध सुलेमान ने और शिवराज ने मिलकर सड़कों को जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग में आती थी छुड़ाकर पहले उन्हें राजमार्ग घोषित किया, फिर उन्हें बीओटी में सौंपा। मात्र स्वयं की भरपूर वसूली हो और ठेकेदार हर वर्ष जनता से वसूल कर 10-20% इनके चरणों में चढ़ोत्रा चढ़ाता रहे इस प्रकार अगले 25-30वर्षों तक जनता को नोंचा जा सके। यदि सारी सड़कों पर बीओटी वसूलना है तो ये सफेदपोश सत्ताधीश डकैतों का गिरोह बताए कि ये कैसी लोकतांत्रिक सरकार है? जो जनता के कल्याण की नहीं लूट तंत्र विकसित कर लूट और वसूली कर रही है। फिर सड़कें अगर बीओटी में ही देना है तो भ्रष्टाचारी बताएं कि 32% पेट्रोल-डीजल पर टेक्स क्यों वसूल रहे हैं? चौथा लोकतांत्रिक देशों में जहां सड़कों पर बीओटी का विचार लेरक आये हैं वहां पर इन भ्रष्टाचार से अंधों ने यह नहीं देखा कि एक सरकारी सड़क वहां पर मोटर कारों दौड़ाने के लिए मुफ्त भी रखी गई है। पर जहां जनतंत्र द्वारा चुनी सरकारें और प्रशासन चलने वाले सभी सत्ताधीश डकैतों की फौज हो जनता की कौन सुनेगा?

अगर सुलेमान श्वान का बस चले तो और ज्यादा समय लोक निर्माण विभाग में रहा तो न केवल मुख्य अभियंता कार्यालय अधीण यंत्रियों के वृत्त कार्यालयों तक सबको बंद करवा देगा और ऐसे डिग्रीधारी इंजीनियरों की ठेके पर नियुक्ति कर देगा जो निजी इंजीनियरिंग कालेजों के निकले हुए होंगे जिन्हें कुछ भी आता-जाता नहीं होगा, ताकि वो इसकी कठपुतली बन नाचते रह कर सारा लोक निर्माण का बजट हड़प सकें।

सांस्कृतिक सचिव, ज.स. आयुक्त मनोज श्रीवास्तव को गणतंत्र, स्वतंत्रता दिवस है

१५ अगस्त-जश्ने जम्हूरियत या आजादी

भोपाल।

जहां समूचा देश राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस मनाने में मग्न था वहीं अकेले म.प्र. में संस्कृति संचानालय के माध्यम से गणतंत्र पर्व मनाया गया है। यह एकदम सत्य है न कि किसी विदूषक की टिप्पणी है। यह जानकारी भरा संदेश कोई भी आम नागरिक म.प्र. की राजधानी में स्थित स्वराज भवन के द्वार पर रविन्द्र भवन के प्रांगण में तथा मुख्यमंत्री निवास के नजदीक पॉलीटेक्निक चौराहे पर संचानालय संस्कृति विभाग म.प्र. शासन के सौजन्य से लगे विशालकाय होर्डिंग तोयही बयां कर रहे हैं। ज्ञात हो कि संस्कृति सचिव के पद पर स्वयंभू विख्यात, विद्वान श्री मनोज श्रीवास्तव पदस्थ है इसके अतिरिक्त ये शासन के जनसम्पर्क विभाग के सचिव सह आयुक्त म.प्र. माध्यम के प्रबंध संचालक भारत भवन के न्यासी सहित तकरीबन शासन के आधा दर्जन पदों पर विराजमान है जो कि विद्धता के नाम पर तथा सरकार की नीतियों के प्रचार तथा प्रदेश की सत्कार सेवा के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की नाक के बाल हैं। इनके बारे में अधीनस्थ कार्यालयों में आगंतुकों से उनकी गुणगान की महिमा का बखान साक्षात सुना और देखा जा सकता है। वहीं शहर में आमचर्चा है कि इन्होंने वंदे मातरम गायन के समतुल्य संकलनों के माध्यम से तथा अपनी निजी प्रकाशित कुछ पुस्तकों के द्वारा जनता को प्रस्तुत किया है। अब प्रश्न उठता है कि शहर के मध्य अत्यंत महत्वपूर्ण स्थानों पर तथा मुख्यमंत्री सहित जनसम्पर्क विभाग, संस्कृति विभाग म.प्र. शासन के विद्वान विप्र परिवार से सम्बद्ध रखने वाले विधि का वैधानिक व विधिक ज्ञानार्जित विद्वान विभागीय मंत्री श्री लक्ष्मीकांत शर्मा की फोटो सहित लगे होर्डिंग बोर्ड यह दर्शाते हैं कि म.प्र. में यों तो आजादी अथवा जश्ने आजादी की जगह जश्ने जम्हूरियत मनाया जा रहा है। अर्थात स्वतंत्रता पर्व नहीं गणतंत्रा पर्व मनाया जा रहा है। यह करिश्मा भी वह विभाग कर रहा है जो संस्कृति के प्रचार विस्तार के लिए जनजागरण अभियान चलाने तथा संस्कृति को बचाए रखने की जिम्मेदारी/

जवाबदारी संभाले हुए हैं। इन विभिन्न विशालकाय होर्डिंगों को देखकर आम जनचर्चा कि यह संस्कृति सचिव एवं संचालक श्री मनोज श्रीवास्तव जनता में गलत व दुष्प्रचार कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं, वहीं यह भी चर्चा है कि इनके द्वारा भविष्य में देशद्रोही असामाजिक तत्वों के सहयोग करने की नीयत से कोई देशद्रोही गतिविधि को अंजाम देने का इरादा तो नहीं पाले हुए है। यह दुष्प्रचारित कार्य श्री मनोज श्रीवास्तव सचिव की कुर्सी पर बैठकर साल दर सार निरंतर करते चले जा रहे हैं। अब प्रदेशभर के बुद्धिजीवियों में यह भी संदेह पैदा हो गया है कि इनके द्वारा लिखित पुस्तकें तथा संकलन कहीं चोरी के तो नहीं हौ। उनकी भी जांच होना चाहिए, क्योंकि जहां ये बैठे हैं वह पर अमूल्य साहित्यों का भरापूरा भंडार है। वहां उनके विरुद्ध पूछ परख करने वाला कोई नहीं। इन सभी शंकाओं, दुष्प्रचारित कार्यों का खुलासा मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान व राष्ट्रीयपर्व को मनाने से पहले चाहिए कि वह कौन सा पर्व मना रहे हैं। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्राता दिवस अथवा गणतंत्र पर्व। और संतुष्ट करें देश की अवाम को।

जब यह समाचार दिसमें होडिंग का फोटो जिसमें जश्ने जम्हूरियत लिखा गया था के संबंध में 14.08.09 को रात्रि 11.17 पर मुख्यमंत्री निवास पर फोन पर पूछा गया कि प्रेदश क्या मना रहा है। स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्रता दिवस तो मु.मं. कार्यालय में जो भी कर्मचारी था उसने उल्टे ही पूछा कि क्या आपको नहीं मालूम, तो उनसे कहा गया कि आपको होर्डिंग्स तो जश्ने जम्हूरियत अर्थात गणतंत्र समारोह आयोजित कर रहे हैं। 15 अगस्त पर वो फिर पूचा गया कि ऐसा कहां लिखा गया है तो बताया कि स्वराज्य न्यूज. काम पर आपके संस्कृति सचिव द्वारा लगाए गए होर्डिंग्स पर बताया जा रहा है, तो जवाब मिला कि ठीक है मैं मालूम करता हूं।

ये वही इंदौर के पूर्व कलेक्टर मनोज श्रीवास्तव है जो भूतपूर्व मुख्यमंत्री दिग्गीदानव की हवाई अड्डे पर अटैची उठाकर आगे-पीछे होते रहते थे। .ये भी महाभ्रष्ट आखिर कलेक्टर होने के बाद भी मुख्यमंत्री की अटैची उठाते थे अब प्रदेश के जनसंपर्क आयुक्त संस्कृति सचिव सभी कुछ है, इसलिए ये आखिर मुख्यमंत्री की कुर्सी के प्रति सामदाम दंड भेद से समर्पित होकर आम आजादी पर गणतंत्रता दिवस मनाएं और गणतंत्रता पर आजादी, दिखाने के लिए ये मुख्यमंत्री के प्यादे हैं पर वास्तविकता में ऐसे धूर्त आई.ए.एस. अधिकारियों के मुख्यमंत्री स्वयं प्यादा होता है, जैसा ये कहेंगे गद्दी पर बैठा प्यादा स्वीकारेगा आंख बंदकर करना चाहिए।

बजाज सीटी १०० सफल थी जबकि बजाज प्लेटिना औसतहीन, दहशतगर्दी

रुकमणी मोटर्स ने कहा, कम औसत दे रही है तो ४० के ५० बीच चलाएं

बजाज आटो लि. ने जितनी इस देश की बर्बादी की शायद पूरे देश में इतना पर्यावरण बिगाड़ने की उपभोक्ता की जेबों और जीवन की सेहत बिगाड़ने में इनका सानी नहीं रहा।

सन 1960 से स्कूटरों का निर्माण किया 30 से 45 का औसत ही दे रही है। वह भी जब उपभोक्ता तरीके से रखरखाव करे अर्थात् 48 वर्ष में बजाज आटो का प्र. संचालक राहुल बजाज सन 1998 में जबलपुर के शोरूम के उद्घाटन के वक्त जब यही बात पूछी गई कि आपने 38वर्ष में अपने चेतक सुपर, प्रिया में औसत क्यों नहीं सुधार पाए तो जवाब में इस उद्योगपति राहुल बजाज का कहना था कि पेट्रोल में 100 ग्राम मिट्टी का तेल मिला दीजिए। उसकी इस हरकत ने वहां बैठे पत्रकारों को हैरत में डाल दिया कि प्रश्न क्या था और इतनी बड़ी कंपनी का मालिक क्या जवाब दे गया।

वर्तमान में बजाज आटो लि. की आने वाली सारी बाइक्स में जो औसत यह कंपनी बताती है वास्तविकता में सड़क पर वह औसत नहीं मिलता, यदि ये औसत का 25% कम कर भी दें तो पाठकों को यह बता देना जरूरी है कि इन जालसाज हरामखोरों ने 25% मीटर तेज कर रखे हैं। इंदौर से धार 60कि. आनाजाना 120 +10%= 132 किमी मान लें तो 50 कि.मी. तीन ली पेट्रोल समाप्त, मीटर बताता है 200 कि.मी. इंदौर से देवास 35 कि.मी. आना जाना 70 कि.मी.+ 10%= 77 कि.मी. बताएगा 100 किमी 2 ली. पेट्रोल पूरा साफ, इंदौर से उज्जैन 50 कि. गुणा-2= 100 कि. +10% कि.मी. और 10% भी जोड़ दें अर्थात 120 कि.मी. बताएगा। 155 किमी तीन ली. पेट्रोल समाप्त।

यह बात 25 जून 09 को रुकमनी बजाज से प्लेटिना साधारण खरीदी थी से कही गई तो पहले तो वहां के मिस्त्रीयों तक्नीशियनों ने नहीं-नहीं की बाद में जब बहस होने लगी तो कहने लगे आप इसे 40

60कि.मी. की गति से चलाइये तो औसत 70 का मिल जाएगा तो पूछा गया कि जो मीटर गाड़ी में लगा है उससे बोले और क्या तो उनसे कहा गया कि यह 25% तेज चलता है, तो बोले ऐसे कैसे हो सकता है, जब बोला गया कि बिल्कुल हो सकता नहीं ऐसा ही है। पाठकों को बता दें कि कं. 107 कि.मी. लिखती है जबकि जो गाड़ी श्री अजमेरा ने खरीदी जिसका पं.क्र. एम.पी.-09 एम.यू. 7630 है। 40 कि.मी. से ज्यादा का औसत नहीं दे रही है।

दूसरा इस गाड़ी को 70 किमी की प्रति घंटे की गति या उससे तेज चलाने पर गाडी के हैंडल में कंपन होने लगता है। तीसरा इन हरामखोर निर्माताओं ने हेड लाईट के ऊपर जो बिंडशील लगाई वह भी बजने लगती है जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी। इस गाड़ी को खरीदने का मूल कारण था कि बजाज की पूर्व की सीटी 100 गाड़ी का औसत 50-55 ही था, परंतु 90-100 कि.मी. की गति से चलाने पर न तो कंपन पैदा होते थे वो ताड़ी वाले पहियों की सुरक्षित और न्यूनतम खर्च की दूसरी गाड़ियों की अपेक्षा रखरखाव की गाड़ी थी यह सोचकर कि वह अच्छी गाड़ी थी यह भी अच्छी होगी, चूंकि वह 4 लाख किमी से ज्यादा चल चुकी थी बेचना आवश्यक होगया था। आखिर बजाज ने अपनी ताड़ी के पहिये वाली गाड़ियां बनाना क्यों बंद की, ताकि गड्ढों में कुदाने या चली जाने पर पहिये की डिस्क थोड़ी सी भी चटके तो उपभोक्ता को पूरा हजार डेढ हजार का पहिये की पूरी डिस्क को ही बदलवाना पड़े और इन हरामखोरों डीलरों, डिस्टीब्यूटरों के साथ कंपनी की भी कमाई हो सके और कंपनी को कमाई होती रहे।

डीलर रुक्मणि ने पहली मुफ्त सर्विसिंग की परंतु ये फौज भी उसका औसत नहीं सुधार पाई है। ये बजाज की सीटी100 से तो कई अर्थों में बकवास है। पाठक खरीदने से पहले सोचें या अन्य विकल्पों पर ध्यान दें।

रक्त पिपासु दानव है मनमोहन

शेष पेज 8 से जारी

अपनी कमाई और कमीशन खोरी के लिए दानवराज प्र.म. मनमोहन और कृषि मंत्री शरद पंवार जो कुत्सित चाले चल रहे हैं कि पहले अच्छी गुणवत्ता दालों, गेहूं, चावल, शक्कर खाद्य तेल, सूखे मेरे, मसालों, गुड़ आदि में दैनांदिनी उपभोक्ता वस्तुओं के निर्यात की बहुराष्ट्रीय कंपनियों, पूंजीपतियों को मोटा कमीशन डकार कर पूरी छूट दे दो, जब देशी बाजारों में सबकी कीमतें आसमान छूने लगे, पूंजीपतियों, बहुराष्ट्रीय कं. और बड़े निर्यातकों के सारे गोडाउन खाली हो जाए जनता भूखी मरने लगे त्राही-त्राही मचने लगे तो फिर प्रेस कांफ्रेस बुलाओ, टीवी पत्रकारों को बुलाओ और बड़े-बड़े गिफ्ट बांटकर अपनी तारीफें छपवाओं और घड़ियाली आंसू बहाते हुए सहनुभूति जताते हुए अपने मक्कारीपूर्ण अदाओं से दर्द बहाते हुए घोषणा करो कि हमने निर्यात बंद कर दिया है। दूसरी ओर फिर जनता की परेशानियों और महंगाई, आवश्यक वस्तुओं की कमी का गुणगान करते हुए दूसरी घोषणा करते हैं कि हमने जनता की जरूररतों को ध्यान में रखकर 5 लाख टन शक्कर (जो कचरा था और विदेशी गोदामों सड़ रही थी) उस पर सरकारी अनुदान देकर राशन दुकानों से बंटवाने की व्यवस्था सरकार के ये दानव 200% कमीशन डकार कर राशन की दुकानों से बिकवाएंगें। यही हाल दालों, चावल, गेहूं, मसालों, खाद्य तेलों में भी ये दानव अपने कमीशन के लिए अपने भाई-भतीजों की फर्मो और कंपनियों के माध्यम से करवा कर एक ही झटके में उन्हें अरबपति, खरबपति बनवा देंगे।

पिछले 5 वर्षों से जैसा कि गेहूं, चावल, दालों, मसालों, सूखे मेवों, तिलहनों में होता आ रहा है अच्छा बासमती चावल यहां से रुपेप 35 रुपए 40 रुपए प्रति कि. सरकारी खरीद हुई अच्छी गुणवत्ता का गेहूं रुपए 9 से 11 प्रति कि खरीदा गया और से रुपए 20-25 प्र. कि. के भाव में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेच कर मोटा कमीशन डकारा गाय, दूसरी ओर जब गेहूं की कमी का रोना बताकर सड़ा लाल आस्ट्रेलियन गेहूं जो 50पै. कि. में खरीदा गया था कि खरीद रुपए 14प्र. कि. दिखाकर रुपए 13/50 डकारे गए। दूसरी और उस गेहूं का राशन दुकानों से बांटने के लिए रुपे 12प्र कि. का अनुदान दिया गाय, जबकि वह अनुदान मंत्री पुत्रों, उनके दोस्तों की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने ही डकारा। बेशक उसका हिस्सा प्रधानमंत्री, कृषिमंत्री, वाणिज्यमंत्री जसे कांग्रेसी गिरोह के दानवों ने भी डकारा।

अब कृषि मंत्री शरद पवार दानव चिल्ला रहा है कि वायदा व्यापार हे मुख्य कारण महंगाई का तो है जनता के रक्त पिपासु दानवों उस वायदा व्यापार को चालू भी तो तुमने अपने कमीशन को नोंचने और जनता को भूखा मारने के लिए ही किया है। समयमाया समाचार पत्र पिछले पांच वर्षों से बराबर प्रकाशित कर रहा है कि ये कांग्रेसी गिरोह के धूर्त, मक्कार, दानव जनता को नोंचने और बाजार में महंगाई बढ़ाकर लूटने के लिए कैसे-कैसे षड्यंत्र रचकर गरीबों के मुंह से दालरोटी छीनकर अपनी अपनी कमाई कर रहे हैं।

कांग्रेसी गिरोह का ये ऐतिहासिक आधारभूत सिद्धांत है, यदि सत्ता में बैठकर जनता की नहीं की नुंचाई जनता को उससे नहीं आई रुलाई तो समझो सत्ताधीशों की शामत आई, इसलिए आवश्यक है जहां से मिलें जैसे मिले करो खूब कमाई, जिससे जितना जनता चिल्लाएगी उसे रुलाई आएगी भूख सताएगी, उसकी औलादें भूख से तड़प मर जाएंगी। तब हमें घड़ियाली आंसू बहाते हुए सहानुभूति बरसाते हुए जनता से रूबरू होते हुए मीडिया में सौगातों की बारिस करेत हुए शक्ल दिखाने की बारी आएगी। तब हमारी औकात जनता को समझ आएगी। समयमाया ने यह तथ्य वर्षों से प्रकाशित हो रहा है, यदि सच्चे दिल से ये धूर्त दानव मनमोहन पंवार, कमलनाथ, चाहे तो कुछ घंटों में ही महंगाई का पारा ठंडा हो सकात है, बशर्ते आयात-निर्यात की नौटंकी और वायदा बाजार तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाए। जो ये इनके सत्ता में रहने तक कभी नहीं कर सकते। झूठी सफाई, झूठे आंकडे, घड़ियाली आंसू, जालसाजी राष्ट्र और राष्ट्र की जनता के हितों को पूंजीपतियों, बहुराष्ट्रीय कं. को बेचने गिरवी करने से लेकर ये गंदी और नीच मानसिकता को गिद्ध गिरोह अमेरिका ब्रिटेन को गिरवी करने से लेकर पाकिस्तान, चीन, नेपाल और श्रीलंकाई शत्रुओं को भी गिरवी करने से नहीं चूकता।

देवास स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का तांडव

इंदौर कांड की पुनरावृत्ति देवास में भी

देवास स्वास्थ्य विभाग ने पंडित के समय में खूब जीपीएफ निकाला

वर्तमान में इंदौर में पदस्थ महाभ्रष्ट मीठा बोल, महामक्कार, जिसकी बत्तमीजियां, भ्रष्टाचार आए दिन इंदौर के समाचार पत्रों में छपती है। इसके बाद भी म.प्र. सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज स्वास्थ्य मंत्री अनूप मिश्रा मोटी चमड़ी के इन श्वानों की औकात नहीं कि इस इंदौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद पंडित को यहां सेहटाकर बालाघाट, रीवा, मुरैना भेज सकें, क्योंकि वह हरामखोर भ्रष्टाचार से करोड़ों डकारता है तो कुछ लाखों के टुकड़े ऊपर बैठे प्रधान सचिव देवराज बिरदी, संचालक अशोक शर्मा जैसे भ्रष्टों का येनकेन प्रकारेण सब धन के भूखे हैं, उन्हें टुकड़े मिल जाते हैं, इसलिए वो सब भी ऐसे ही भ्रष्टों को पालते पोसते रहते हैं।

डॉ. शरद पंडित ने जो घोटाले इंदौर में किए थे उसमें 99% दबा दिए गए थे

पर एक जो पकड़ा गया था उसमें था कर्मचारियों का भविष्य निधि घोटाला था, जिसमें डॉ. शरद पंडित को चालान न्यायालय में पेश कर दिया गया था। जिसमें डॉ. पंडित को जमानत करवाई थी, जिसमें भी लाखों रुपए खर्च करके अपने आपको बचाया था। यहां से इन आरोपों के चलते संयुक्त संचालक से पदोन्नत कर पुनः मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाकर देवास में पदस्थ कर दिया गया था। देवास में जाकर इसने जीपीएफ घोटाले की पुनरावृत्ति की और कम से कम 25-30 कर्मचारियों का जीपीएफ निकाला गया, वहां की रोकड़ का सूक्ष्म अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि कहां वर्ष में एक दो कर्मचारी जीपीएफ निकालते हैं, अचानक इसके वहां पदस्थ होते ही अनेकों कर्मचारियों ने जीपीएफ की किश्तें निकाल लीं। घोटाले तो और भी हैं करोड़ों रुपए दवाई खरीदी में डकारा गया। यहां जो जीपीएफ की किश्तें निकालने का प्रमाण जो दस्तावेज सूचना के अधिकार के अंतर्गत दो वर्ष बाद आए, उनका विश्लेषण इसलिए प्रस्तुत किया जा रहा है कि देवास स्वास्थ्य विभाग के सभी तकनीकी लिपिकीय और चिकित्सालयों का स्टॉक सन 2005 से अपने जीपीएफ की जमा पर्चियों की खाते से जांच कर ले नहीं तो सीधे अपने उच्च अधिकारियों, जिसमें बीएमओ, सीएमओ, देवास, लेखापाल के विरुद्ध सीधा थाने में एफआईआर लिखाए और आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो के साथ लोकायुक्त में भी प्रकरण दर्ज करवआएं, सन 2005, 2006 और 2007 में दीपीएफ का किसको कितना भुगतान किस चेक नं. से किया गया जांचें, अन्यथा कर्मचारी भी सूचना के अधिकार में अपने आवेदन स्वीकृति की नोटशीट स्वीकृति का दिनांक और चेक जारी करने वाले व हस्ताक्षर जारी करने वाले लेखापाल बीएमओ, सीएमओ से प्रतियां प्राप्त कर पुष्टि करें।

सीएमओ देवास जीपीएफ २००७

क्र.	दिनांक	विवरण	दिनांक	रुपए	कुल
16.	19.01.07	बिल नं. 950 बीएमओ सोनकच्छ को जीपीआर पार्ट फायनल का चेक क्र. 133548 का दिया	2.01.07	40000	40000
60.	26.07.07	बिल नं. 352 जीपीएफ पार्ट फायनल डॉ. आर.सी. मुंदडा, पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच देवास में 325000 जमा किया	11.7.05	285000	285000
44.	28.11.06	निम्न कर्मचारियों के जीपीएफ एवं अग्रिम पंजाब नेशनल बैंक देवास में जमा किए विजया तगारे प्रकाश साठे ईस्माइल अली मनोरमा सांगते		 50000/- 50000/- 50000/- 15000/-	165000
46.	28.11.06	बिल नं. 803, 304, 806 बीएमओ बरोठा के निम्न जीपीएफ के बिलों के चैक दिए गए चैक 029357 029358 029354	17.11.06 25.11.06	125000 70000/- 30000/- 25000/-	
19.	17.10.06	बिल न. 6/4 जीपीएफ फाय पैमेन्ट कमलाकर जुठे का पंजाब बैंक देवास में जमा किए बिल 671	22.09.06 147062 12.10.06	 147062	
20.	17.10.06	जीपीएफ पंजाब बैंक देवास में जमा किया आर.के. डी. वर्मा बिल नं. 671	 12.10.06	10000/-	10000
24.	20.07.06	जीपीएफ पेमेन्ट मांगीलाल सिया को भुगतान किया चैक क्र. 653135 दि. 9.7.06 को बीएमओ सोनकच्छ को दिया बिल नं .342	 21.06.06	210164	210164
25.	20.07.06	जीपीएफ पांट काय डीपी व्यास का चेक क्र. 653127 दिनांक 19.7.06 का बीएमओ सतवास को दिया बिल नं. 406	 10.07.06	3000	30000
25बी.	20.07.06	जीपीएफ अग्रिम चैक क्रं. 65324 दि. 19.07.06 बीएमओ ठोकर्स को दिया। सी.पी. साठे 5 बिल नं. 37 जीपीआर काटा, पेमेन्ट का चेक 653134 दिनांक 19.07.06 को बीएमओ बागली को दिया बिल 412 जीपीएफ	 26.6.06 13.07.06 2006	15000 36822 21822 टोटल	 814048
61	26.7.05	जीपीएफ पार्ट फाय. मनोज बेंजामिन का पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच देवास में जमा किया		35000	35000
62.	26.7.05	निम्न बीएमओ को जीपीएफ. व अन्य डी.ओ. से भुगतान किया बीएमओ बरोठा डीडी नं. 697308 खातेगांव 697309-/- सतवास 697310/- सोनकच्छ 697311-/-	 25.7.05	15000 15000 29643 30000	 89643
25.	28.11.05	जीपीएफ. बिल नं. 723 आरती विश्वास का पंजाब नेशनल बैंक देवास में जमा किया चैक 579400 दिनांक 25..11.05	21.11.05	15000	15000 139643

साप्ताहिक
समय माया

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे षड्यंत्र वर्षों से

भारतीय युवा पीढ़ी को बर्बाद करने की तैयारी

यौनशिक्षा, समलैंगिकता, 12वीं तक परीक्षा नहीं, सब प्रत्यक्ष प्रभाव है यह सब यूरोपीय षड्यंत्र है, ताकि विश्व में बढ़ता भारतीय प्रतिभाओं का प्रभाव और कब्जा न हो जाए, आने वाली पीढ़ी स्कूलों में ही बर्बाद हो जाए, इस षड्यंत्र में कांग्रेसी भी शामिल हैं

राष्ट्र में कांग्रेसी सत्ता को जनता के कल्याण से नहीं वरन कल्याण के नाम जनता की चहुंदिशि बर्बादी और उससे उसकी कमाई से होता है। उसे इस काम में विदेशी षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर राष्ट्र की ओर वाली पीढ़ियों को बर्बाद करने से भी गुरेज नहीं है, वह पीढ़ी जिसके लिए उसके माता-पिता अपना सर्वस्व दांव पर लगाकर पढ़ाते लिखाते हैं। फिर वह विदेशों में काम करके भारत सरकार को अपनी कमाई से धन कमा कर देती है। पिछले 20 वर्षों से कमा कर भेज रही है।

पूरे यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं का जो डंका बज रहा है, पिछले 20-30वर्षों से उससे यूरोपीय देशों में चारों तरफ खलबली मची हुई है। पिछले 10 वर्षों से ही देखें तो पहले बिल क्लिंटन बाद में बुश और अब बराक हुसैन ओबामा भी लगातार जिन भारतीयों के दम पर अमेरिकी सत्ता और उसकी अर्थव्यवस्था चला रहे थे और चला रहे हैं लगातार भारतीय प्रतिभाओं से अमरिकी जनता और उसकी पीढ़ीयों को चेतारहे हैं कि भारतीयों से सावधान रहे उन्होंने सारी नौकरियों पर कब्जा कर लिया है, जागो अमेरिकी युवा खूब पढ़ाई करो वरना भारतीय प्रतिभाएंहर जगह कब्जा कर लेंगी।

इसके दूसरी तरफ वही अमेरिकी उसका माइक्रोसाफ्ट कं. का मालिक बिलगेट यहां एड्स के नाम पर अपने साफ्टवेयर की बिक्री से अरबों कमाया है उसका 1% कम भारतीय मुखैरों, अर्जुनसिंग, कपिल सिब्बल जैसों को दान कर स्कूलों में यौन शिक्षा बांटने की पैरवी करवाता है, ताकि युवा पीढ़ी स्कूलों और कालेज में ही यौनाचार के चक्कर में पड़कर अपना तन और मन दोनों बर्बाद कर भारत में ही छोटी-मोटी नौकरी धंधा कर बैठा रह सके यूरोप, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड व अन्य देशों की तरफ न जा सके। कभी अर्जुनसिंग, कभी कपिल सिब्बल यही कारण है कि 5वीं, 8वीं, 10वीं की परीक्षा को समाप्त करते हैं, ताकि 12वीं तक तो आसानी से पहुंच जाए, परंतु उसे नाम भी लिखना न आता हो, फिर कालेजों में भी जाएंगे तो भी वह वहीं सड़कर रह जाएं, बेशक यह मुस्लिम वोट कबाड़ने की चाल का हिस्सा भी है। पूरी दुनिया में छाए भारतीयों के बारे में आसानी से बदनाम कर उन्हें यूरोपीय देशों में गंवारों के नाम से पुकार कर बदनाम किया जा सके और वहां पर डिग्रीधारी भी मजदूरों और श्रमिकों की तरह उपयोग किया जा सके, गुलामों की तरह।

बची खुसी कसर जो रही थी, उसे दिल्ली उच्च न्यायालय और देश के सर्वोच्च न्यायालय ने पूरी कर दी। स्कूलों में कंडोम बेचने और एड्स के बचाव के नाम पर स्कूलों में यौन शिक्षा के नाम पर पहले उनको यौनाचार के लिए उत्प्रेरित करो, यौन शोषण करके नपुसंक बना दो, 12वीं तक परीक्षाओं को समाप्त करके पढ़ने और परीक्षा के भय से मुक्ति देकर पढ़े-लिखे गंवार जब युवा अवस्था में पहुंचे तो समलैंगिक व्यवसाय में झोंककर कमाई की व्यव्सथा करवा दो अर्थात सारा यौवन इहीं कुकर्मों में भारत में ही सड़ जाएगा। तो विदेशों तक ये भारतीय पहुंचकर कब्जा नहीं कर सकेंगे और पहुंच भी गए तो इन कुकर्मों के कारण बदनाम होंगे तो गुलामों को जेल में डाल देंगे।

दूसरा बड़ी नौकरियों, प्रबंधन, वैज्ञानिकों, से लेकर सीनेदारों के पद पर बढ़ते भारतीयों के कदमों को रोकने, अमेरिकी और यूरोपीय देशों में उनकी आबादी का हिस्सा बनने से लेकर उनके अर्थतंत्र के प्रमुख अंग बन जाने से जो खतरा पैदा हो गया है। उसको रोकने के लिए युवी पीढी को बर्बादी का हर षड्यंत्र रचा जा रहा है, जिसमें यौन शिक्षा, कंडोम की मुफ्त उपलब्धता, इंटरनेट पर स्वच्छंद यौनाचार की उपलब्धता, परिवारवाद के लिए खात्में के लिए फेसबुक,यौनाचार संबंधित ब्लाग्स जानी मानीसाइटों पर उपलब्ध है। ये आगे बढ़कर समलैंगिकता को बढ़ावा, न्यायालयों से मुक्ति और छूट वैधानिक बनाना, 5वीं, 8वीं 10वीं की परीक्षाओं की समाप्ति बाद में समलैंगिकता के कालेजों में क्लब आदि सब उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि युवा पीढ़ी पढ़ाई पर से ध्यान न लगा कर इन कार्यों में ही उलझकर चौपट हो जाएं।

आखिर वृद्धों की बढ़ती आबादी भी इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने का कार्य भी नहीं कर पा रही है, सामाजिक संगठन, गैर सरकारी संगठन सारे हरामखोर क्या केवल दुकानदारी चलाने के लिए और धन बटोरने के लिए ही बैठे हैं। मेरे प्रिय पाठक, अपने देश की वर्तमान और आने वाली युवी पीढ़ी को बर्बाद करने के अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सत्त में बैठे धूर्तों को षड्यंत्रों को आसानी से समझ चुके होंगे।

बेशक राष्ट्र में वैश्यावृत्ति समलैंगिकता को अंतरराष्ट्रीय यौनाचार से कमाई करने वाले इंटरनेट के माध्यम से चलने और चलाए जाने वाले गिरोहों के इशारे पर न केवल भारत सरकार वरन न्यायाधीश भी इसीलिए वैधानिक बनाने पर तुले हैं। ताकि स्वच्छंद यौनाचार से इंटरनेट के माध्यम से करोड़ों अरबों रुपए प्रतिवर्ष की कमाई की जा सके। उसका मोटा कमीशन केंद्रीय सत्ता में बैठे ये धूर्तहरामखोर जालसाज मंत्री जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। दोनों हाथ से डकार कर विदेशी षड्यंत्रकारियों के इशारे पर देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने पर तुले हैं।

न्यायालयीन व्यव्सथा में कदम-कदम भारी भ्रष्टाचार होने के बाद भी जनता को न्याय व्यवस्था पर विश्वास जमा रहता है। परंतु जबसे दिल्ली उच्च न्यायालय का समलैंगिकता के पक्ष में फैसला आया और सर्वोच्च न्यायालय में इसके विरुद्ध लगी अपील ठुकराई गई है। जनता का बुद्धिजीवी वर्ग भारी आक्रोशित है। उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालयों के भ्रष्टाचार और जनता के भविष्य के हितों पर कुठाराघात करने से।

पहले अच्छा माल निर्यात फिर सड़ा आयात, दोनों में कमीशन वसूली

रक्त पिपासु दानव हैं मनमोहन, शरद पवार

मुद्रास्फीति ऋणात्मक-दोनों स्वीकार रहे हैं मंहगाई बढ़ रही

वर्तमान में भारतीय मीडिया दृश्य-श्रव्य और मुद्रित सरकारी आंकडों के अनुसार दिखा रहे मुद्रा स्फीति पिछले 30वर्षों में ऋणात्मक 1.38% हो गई है। पिछले छह महीने से कांग्रेसी सरकार का डाटा और सांख्यिकी विभाग कितने विश्वसनीय समंक सरकार और मीडिया को जनता को भ्रमित करने और अपनी वाहवाही छपवाने के लिए जारी कर रहा है। इसका अंदाज एक आम आदमी तो लगा पा रहा है, परंतु मीडिया के देख के बड़े-बड़े सरकारी भांडों जिसमें भास्कर, हिन्दुस्तान टाइम्स, जागरण व राष्ट्र के लाखों समाचार प्रकाशक पत्रों को समझ नहीं आ रहा है।

दूसरी ओर सत्ता में विराजमान कांग्रेसी प्रधानमंत्री दावन राज सिंग और पंवार मीडिया में स्वीकार कर रहे हैं कि हां न केवल महंगाई बढ़ रही है और बढ़ेगी की दहशत भी दे रहे हैं। इसके विपरीत सरकारी तंत्र मुद्रा स्फीति ऋणात्मक दिखाने अपनी कुत्सित मानसिकता का प्रदर्शन बंद नहीं कर रहा।

समयमाया ने अपने कांग्रेस की सत्ता संभालते ही जैसा लिखा था कि कांग्रेस की सत्ता महंगाई आतंकवाद राष्ट्र बेचने, जातिवाद, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और पूंजीपतियों की रखैल बन कर नाचने का पर्याय है। वह कदम-कदम पर स्वयं सिद्ध हो रहा है। महंगाई दिनों दिन क्यों बढ़ रही है इसके बारे में समयमाया ने जो कारण बताए थे वो स्वयं अपनी सत्यता को पारिभाषित कर रहे हैं। **शेष पेज 7 पर**

विश्व का सबसे बड़ा दैत्य बिल गेट्स माइस्कोसाफ्ट कं.

२०० करोड़ से ज्यादा कम्प्यूटर चालकों को करता है परेशान

कम्प्यूटर बेचें, साफ्टवेयर बेचें, सबमें हजारों गुना लूटने के बाद भी वायरस भेज कर जाम करना, नोंचने के लिए अरबों को परेशान करता है इसे चीन, उत्तरी कोरिया, ईरान, रूस अजन्म कारावास दे सकते हैं

दुनिया में माइक्रोसाफ्ट का बिलगेट जैसा बड़ा दैत्य कोई नहीं। यह नीच डकैत शीघ्र खराब हो जाने वाली ऐसी कम्प्यूटर सामग्री जिसमें हार्ड डिस्क, मदरबोर्ड से लेकर सैकड़ों सामग्रियों, रेम व अन्य कलपुर्जे जिन्हें हार्डवेयर कहा जाता है, को सैकड़ों गुना लाभ पर बेचने के बाद भी फिर साफ्टवेयर प्रोग्राम्स जिससे कम्प्यूटर योग्य बनता है। इन साफ्टवेयर की सीडी आदि पर भी करोड़ों रुपए लाभ कमाता है। कोई भी साफ्ट वेयर का जीवन दो वर्ष से ज्यादा नहीं होता, वह अपने आप काम करना बंद कर देता है। इस प्रकार किसी भी प्रयोग साफ्टवेयर की एक सीडी से ही ये अरबों सीडी बनाकर अरबों रुपए कम्प्यूटर का उपयोग करने वालों से नोंच मारता है।

विश्वभर में कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम विन्डोज पर इस नीच श्वान का कब्जा है, जिससे खरबों डालर यह कमाता है इसके बाद भी इस राक्षस का कभी पेट नहीं भरता। वर्तमान में चूंकि हार्डडिस्क के आपरेटिंग सिस्टम के विन्डोज एक्स.पी. विन्डोज विस्तार पर इसका कब्जा है आन लाईन होते ही सारी जानकारी इसके अमेरिका स्थित कार्यालय में दुनियाभर से पहुंचती रहती है। जो इसके द्वारा बेचेगए प्रोग्राम साफ्टवेयर और उसके प्रोग्राम की प्रति के नम्बरों से मिलान होते ही वहां शूकरों की फौज संबंधित कम्प्यूटरों को रोकने के लिए वार्निंग, ई-मेल भेजने, मूल साफ्टवेयर की कापी आनलाइन खरीदने के लिए विवस करती है न खरीदने पर कम्प्यूटर में वायरस भेजकर जाम करना कम्प्यूटर में भारी सामग्री को साफ करना, फिर भी न मानने पर ये नीच हार्डडिस्क बैठा देने डाटा साफ कर देने से भी नहीं चूकते।

यदि आपने हजारों रुपए के इन कार्यक्रम साफ्टवेयर की मूल सीडीयां खरीद भी लीं तो भी ये कार्यक्रम 2वर्ष के बाद काम करना बंद कर देंगे। अर्थात कोई भी प्रोग्राम जो रुपए 10 हजार से लेकर लाखों रुपए की कीमत का भी हो सकता है 2वर्ष बाद आपकी निवेशित पूंजी डूब जाएगी। इस प्रकार बिल गेट माइक्रोसाफ्ट कंपनी हर दिन अरबों रुपए पूरी दुनिया से बटोरती रहती है।

इस राक्षस का अब दानी रूप भारत में 2000 करोड़ डालर एड्स के लिए पूरी दुनिया के शूकर डॉक्टरों से पूछो कि दुनिया में एड्स कौनसी बीमारी है तो सच्चे अर्थों में एड्स कोई बीमारी नहीं, वरन 10 पैसे के कंडोम को दस रुपए में बेचने का षड्यंत्री हथियार है। पाठकों को बता दें एड्स से आज तक कोई भी नहीं मरा, क्योंकि कोई बीमारी होती तो मरता न, फिर रुपए अ. डालर 2000 करोड़ क्यों दिए? ताकि इस देश के मुखैरे शासकीय पदों पर बैठे भारत सरकार के आई.ए.एस. श्वानों को टुकड़ा डालकर खरीदा जा सके और पूरे देश के केंद्र व राज्य शासित शासकीय **शेष पेज 4 पर**

प्रतिबंधात्मक सूचना

इस समाचार पत्र एवं वेबसाइट में प्रकाशित समाचार सामग्री का पूर्ण-अपूर्ण या उसके आधार पर बनाये गये अन्य समाचार, टीवी समाचारों, टीवी एपिसोड, इंटरनेट साइटों पर नगर, प्रदेश व राष्ट्र या राष्ट्र के बाहर विश्व में किसी समाचार पत्र पत्रिका, टीवी समाचारों, डाक्यूमेंट्री या धारावाहिकों में बिना लिखित आदेश व अनुमति के उपयोग न करें. अन्यथा कॉपी राइट एक्ट के अंतर्गत इन्दौर न्यायालय में क्षतिपूर्ति एवं कानूनी कार्यवाही की जा सकती है एवं किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा। इस समाचार पत्र की प्रतियां लेकर कुछ जालसाज ढोंगी पत्रकार होने का ढोंग कर पैसे, चंदा, सम्मेलनों के नाम पर धन वसूली करने की शिकायतें मिल रही हैं. ऐसी किसी भी अवस्था में आप सीधे मोबाइल पर चर्चा कर स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं. अन्यथा सीधी पुलिस और कानूनी कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र हैं.

आज्ञा से
प्रधान संपादक

स्वामित्वाधिकारी, प्रधान संपादक एवं प्रकाशक अजमेरा एस.पी. कुमार के लिए मीडिया वर्ल्ड कम्यु. 299-अंबेडकर नगर, इन्दौर के लिए नवनीत प्रिंटर्स जेल रोड, इन्दौर द्वारा मुद्रित.
कम्प्यूटराईजेशन- सुनील जोशी 93290-40982, भोपाल प्रतिनिधि एस.के. भारद्वाज मो.94256-37958, इन्दौर कार्या. फोन 2304377 मो. 93007-55803